दैनिक न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, मंगलवार 22 नवंबर 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** मुखबिरी का आरोप लगाते हुए एक युवक ने जबरन घर में प्रवेश कर दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर टिकरापारा निवासी प्रार्थी मोहम्मद रफीक 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रेहान खान 19 वर्ष ने जबरन घर में प्रवेश कर प्रार्थी के चचेरा भाई सुभान खान 25 वर्ष पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए धारदार हथियार से सीने पर वार कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुर्गा मैदान में खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर (आरएनएस)।** शंकरनगर दुर्गा मैदान के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार नवजीवन सोसायटी पचपेड़ीनाका निवासी प्रार्थी तेजश विश्वकार्म 30 वर्ष अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमजी 2851 से शंकरनगर दुर्गा मैदान गया था। जहां से उसकी एक्टिवा वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### सेल्समेन ने की ग्राहक से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** कटोरातालाब शराब दुकान के सेल्समेन ने ग्राहक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार उत्कल नगर निवासी प्रार्थी रवि कुमार दीप 41 वर्ष शराब खरीदने के लिए कटोरातालाब स्थित शराब दुकान गया था। जहां आरोपी योगेश, महेन्द्र, भुपेन्द्र व सागर ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 342, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर झुलसा

**रायपुर (आरएनएस)।** सरोरा स्थित एफ आर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के दौरान युवक झुलस गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंचू लोहारा 34 वर्ष सरोरा स्थित एफ आर कंपनी में काम करता है और वही सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी फर्निस से गैस निकल रहा था, जिससे होल को बंद करने के दौरान उसके कपड़े में आग लग गया और झुलस गया। जिससे उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नहाने के दौरान नदी में डूबा बैंक कर्मी,तलाश जारी

**सुकमा (आरएनएस)।** दक्षिण बस्तर सुकमा में शबरी नदी में नहाने के दौरान डूबने से भारतीय स्टेट बैंक के कैशियर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची कोंटा पुलिस गोताखोरों की मदद से कैशियर तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत कैशियर तिरुपति राव सोमवार सुबह नहाने के लिए कोंटा नगर के गांधी चौक कोंटा घाट गया था जहां नहाने के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास नहाने वाले अन्य लोगों ने तिरुपति राव को डूबते देखा और बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक तिरूपति गहरे पानी में डूब गया था। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और गोताखोरों की टीम के साथ कैशियर की तलाश की जा रही है। देर शाम तक कैशियर को ढूंढा नही जा सका था। बताया जाता है कि एसबीआई में पोस्टेड तिरुपति राव आंधप्रदेश के विजयनगरम जिले के बोब्बिली गांव से हैं।

# हितग्राहियों को 56वीं किश्त के रूप में 7 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण

- गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती : मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने किसानों से पैरादान के लिए की अपील
- अब तक 4 हजार से अधिक गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी बन स्वयं की राशि से खरीद रहे गोबर
- गोधन न्याय योजना की सफलता से देश के अन्य राज्य भी हो रहे प्रभावित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को 56वीं किश्त के रूप में हितग्राहियों को ऑनलाइन कुल 7 करोड़ 14 लाख रूपए की राशि का अंतरण किया। इसमें गोबर विक्रेताओं को 4.55 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 1.17 करोड़ रूपए तथा स्व-सहायता समूहों को 1.42 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है।

मुख्यमंत्री बघेल ने गोधन न्याय योजना के तहत राशि का वितरण करते हुए खुशी व्यक्त किया कि राज्य में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत संचालित 9 हजार गौठानों में से अब तक 4 हजार से अधिक गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी बन गए हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर खरीदने में सक्षम हो गए हैं, यह योजना का उल्लेखनीय और एक महत्वपूर्ण परिणाम है।

मुख्यमंत्री बघेल ने गौ-पालक किसानों और गोबर विक्रेताओं तथा स्व-सहायता समूहों को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी का आंकड़ा लगातार बढ़



रहा है। इससे हितग्राहियों को काफी तदाद में लाभ होने लगा है और वे आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। साथ ही इससे गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने लगी है। ये आंकड़े और परिणाम गोधन न्याय योजना की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। जिसकी चर्चा अब देशभर में होने लगी है और इसके परिणाम को देखते हुए अन्य राज्य भी गोधन न्याय योजना को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। कभी किसी ने सोचा नहीं था कि गोबर से भी पैसा कमाया जा सकता है पर गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन कर छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने इसे साबित कर दिखाया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे गौ पालक किसानों को अधिक से अधिक पैरादान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप अपने गांव के गौठान में जो पैरादान करेंगे, उससे गांव के पशुओं के लिए चारे का बेहतर इंतजाम होगा। साथ ही जैविक खाद भी बनाया जा सकेगा। पैरा दान का फायदा पूरे गांव को होगा और इससे गांव का वातावरण भी साफ-सुथरा तथा शुद्ध रहेगा। मुझे इस बात की खुशी है कि छत्तीसगढ़ के किसानों ने पैरादान को लेकर भी जागरूकता आई है। पिछले 4 वर्षों के दौरान हमारे प्रदेश के किसानों ने खेती-किसानी के क्षेत्र में देश में कई मिसालें प्रस्तुत की हैं। निश्चित तौर पर पैरादान अभियान को लेकर भी वे नई मिसाल प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में खेती-किसानी को लेकर आप लोगों से मेरी लगातार आमने-सामने बात-चीत होती रहती है। मुझे आप लोगों का उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगता है। छत्तीसगढ़ में इस साल भी धान की फसल अच्छी हुई है। वर्तमान में धान खरीदी का काम भी जोर-शोर से चल रहा है। किसानों को कोई असुविधा न हो, इसके मद्देनजर धान खरीदी व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाया गया है। चालू धान खरीदी सीजन में अब तक 8 लाख 67 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 01 हजार 800 करोड़ रूपए का भुगतान भी कर दिया गया है। प्रदेश में इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान के उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित है। कार्यक्रम को कृषि एवं पशुपालन मंत्री रविन्द्र चौबे ने भी सम्बोधित किया।

गौरतलब है कि राज्य में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ग्रामीण पशुपालक किसानों से गोबर क्रय करने में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ अब स्वावलंबी गौठान भी बराबर की भागीदारी निभाने लगे हैं। राज्य में औसत रूप से प्रत्येक पखवाड़े 4 से 5 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी गौठानों में हो रही है, जिसमें से दो से ढ़ाई करोड़ रूपए का गोबर स्वावलंबी गौठान स्वयं की राशि से कर रही है। बीते कुछ पखवाड़े से यह स्थिति बन गई है कि गोधन न्याय योजना के तहत हो रही गोबर खरीदी की राशि का लगभग 50 प्रतिशत से भी कम का भुगतान ही सरकार के जिम्मे आ रहा है। राज्य में 4010 गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी बन गए हैं इन गौठान समितियों के पास 103 करोड़ रूपए की पूंजी जमा है। गौठान समितियों ने अब तक 26.73 करोड़ रूपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है।

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी के एवज में अब तक गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों को 179.28 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 20 नवम्बर को 4.55 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आकड़ा 183.83 करोड़ रूपए हो जाएगा। इसी तरह गौठान समितियों और महिला समूहों को लाभांश के रूप में 164.24 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया है।

# मछुआ समाज की सदैव रही है गौरवपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री

- नवा रायपुर के प्रमुख चौराहे का नामकरण मछुआरा समाज के महापुरुष के नाम पर होगा
- विश्व मात्स्यिकी दिवस पर सरकार ने जारी की नई मछुआ नीति
- बिलासपुर एयरपोर्ट बिलासा माता के नाम पर होना ऐतिहासिक निर्णय: कृषि मंत्री रविंद्र चौबे

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि मछुआरा समाज की भूमिका प्राचीन काल से आज तक सदैव गौरवपूर्ण रही है। हमारी सरकार ने नवा रायपुर में प्रमुख चौक का नामकरण



मछुआरा समाज के गौरव को बढ़ाने के लिए उनके महापुरूष के नाम पर करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमने मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया है। इस फैसले से मछुआरा भाईयों से जीरो प्रतिशत उन्हे ऋण तथा अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, मछुआ समाज की मंशा के अनुरूप नई मछुआ नीति तैयार की गई है, जिसकी घोषणा कर दी गई है। बघेल आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व मात्स्यिकी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य जिस प्रकार मछली पानी के बिना नही रह सकती उसी प्रकार निषाद समाज मछलियों के बिना नही रह सकते इसको ध्यान में रखते हुए हमने नई मछुआ नीति बनाई। साथ ही नरवा योजना के तहत हजारो तालाबों का निर्माण कराया है और नालों को रिचार्ज किया, जिससे भूमिगत जल के स्तर में बढ़ोतरी हुई है। दस हजार से अधिक गौठानो का निर्माण कराया, जहां मुर्गी पालन और मछली पालन भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सके इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने मछुआरा समाज से अपील करते हुए कहा कि मछुआरा समाज भी दो कदम आगे बढ़ाए और शासन के योजनाओं का लाभ लें।

कृषि एवं मछली पालन मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान और मजदूर सभी वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा मछुआ समाज के कल्याण के योजनाएं बनाई गई है। हमारी सरकार ने बिलासपुर विमानतल का नामकरण बिलासा माता के नाम पर किया है, जो एक एतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा की निषाद समाज के मंशा के अनुरूप नवा रायपुर के किसी एक प्रमुख चौक का नाम शिरोमणि भक्त गुहा निषाद के नाम पर करने का निर्णय ले लिया गया है। भविष्य में उनकी मूर्ति भी लगाई जाएगी, इस संबंध में उन्होंने मछुआरा समाज से मूर्ति का स्वरूप और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर शासन को प्रस्ताव देने का आग्रह किया।

# नक्सलियों ने एक बस व जिओ टावर को किया आग के हवाले


**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में नक्सलियों ने देर रात में कोयलीबेड़ा से कांकेर तक चलने वाली हबीबा ट्रेवल्स की बस को आग के हवाले करते हुए यहां कोयलीबेड़ा के जिओ टावर को भी आग के हवाले कर टावर में नक्सलियों ने बैनर बांधा है। एसपी शलभ सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा में 15 से 20 की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया है। कोयलीबेड़ा में नक्सलियों ने यात्री बस को आग के हवाले कर दिया। टॉवर में आगजनी करने के बाद नक्सलियों ने वहां बैनर लगाये हैं, बैनर में पुलिस पर नक्सल दर्शन पड्डा को झूठे मुठभेड़ में मारने का आरोप लगाते हुए 22 नवंबर को उत्तर बस्तर के कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव बंद का आह्वान किया है।

# तेंदुए के दो शावक मिले : दोनों शावकों को जंगल सफारी रायपुर भेजा गया

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के मद्देड़ बफर वन क्षेत्र के याप्ला की पहाडिय़ों में तेंदुए के दो शावक ग्रामीणों को मिले, जिन्हें ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा दिया है। इंद्रवती टाइगर रिजर्व की टीम ने शावकों को मां से दोबारा मिलाने उन्हें वापस उसी स्थान पर लेकर पहुंचे थे, जहां शावक पाए गए थे, कई घंटों के इंतजार के बाद भी मादा तेंदुआ शावकों के इर्द-गिर्द भी नजर नहीं आई तो टीम ने वापस दोनों शावकों को रेंज आफिस लेकर पहुंची और स्वास्थ्य जांच के बाद जंगल सफारी रायपुर भेज दिया गया है। शावकों की उम्र महज तीन से चार दिन की बताई गई है।



वहीं दूसरी ओर शावकों को छोडक़र गई मादा तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिलने से आईटीआर स्टाफ भी परेशान है। उसके पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है।

वाइल्ड लाइफ सीसीएफ अभय श्रीवास्तव का कहना है कि उस क्षेत्र में 05 कैमरे लगाकर 02 दिनों तक निगरानी रखी जा रही थी। बावजूद दोनों शावक की मां वहां नहीं पहुंची, जिसके बाद रायपुर वाइल्ड लाइफ से चर्चा कर दोनों ही बच्चों को रायपुर के जंगल सफारी में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है, जहां दोनों ही तेंदुआ के शावक स्वस्थ हैं।

# करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के कोतवाली पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में पूर्व में फर्जी चाटर्ड एकाऊंटेंट को गिरफ्तार किया था। वहीं पुलिस ने मामले में शामिल एक आरोपी को आज गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुार प्रार्थी विकास बंग ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह लोहे का व्यवसाय करता है। प्रार्थी के फर्म द्वारा जीआई तार, बैंडिंग तार, बारबेट तार, लोहे का स्क्रैप क्रय एवं विक्रय का कार्य किया जाता है। प्रार्थी की वर्ष 2017 में व्यवसाय के कारण राकेश भभुतमल जैन से मुलाकात हुई। जिसने अपने आप को चार्टेड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ रोड कंट्रक्शन, शेयर मार्केट, लोहे के स्क्रैप का काम करना बताया गया। जिस कारण प्रार्थी जीएसटी एवं व्यवसाय के संबंध में उससे लगातार संपर्क में रहा। इसी दौरान फरवरी 2020 को लोहे के स्क्रैप के व्यवसाय में अधिक मुनाफा होना बताकर लोहे के स्क्रैप में पैसे लगाने की सलाह दी गई। जिस पर प्रार्थी द्वारा राकेश भभुतमल जैन के लोहे के स्क्रैप के व्यवसाय में पैसे लगाये जाने लगे शुरूआत में राकेश भभुतमल जैन समय में भुगतान कर प्रार्थी को विश्वास में लिया गया। इसी दौरान राकेश भभुतमल जैन द्वारा लोहे के स्क्रैप के व्यवसाय में अधिक मुनाफा कमाने के लिए प्रार्थी को अधिक पैसा लगाने की सलाह दी गई।

जिस पर प्रार्थी द्वारा राकेश भभुतमल जैन के अलग-अलग खातों में अलग-अलग तिथियों में 01 करोड़ रूपये स्थानांतरण किये गये। कुछ दिनों बाद प्रार्थी द्वारा मुनाफे के रकम तथा देय रकम के संबंध में पूछने पर राकेश भभुतमल जैन प्रार्थी को अलग-अलग तिथि देकर भुगतान करने का आश्वासन देने लगा। दिनांक 01.10.2022 को प्रार्थी द्वारा राकेश भभुतमल जैन को उसके फोन नम्बर पर सम्पर्क किया गया तो नम्बर बन्द होना पाया गया तथा प्रार्थी द्वारा राकेश भभुतमल जैन के निवास स्थान पर जाकर देखा गया तो घर में ताला लगा होना पाया गया। इस प्रकार राकेश भभुतमल जैन द्वारा प्रार्थी से लोहे के स्क्रैप के व्यवसाय में मुनाफे दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से 01 करोड़ रूपये की ठगी कर फरार हो गया। जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर आरोपी राकेश भभुतमल जैन 52 वर्ष निवासी ओम कॉम्पलेक्स, फाफाडीह को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं मामले में शामिल आरोपी के साला विपुल जैन 43 वर्ष निवासी मुंबई को आज गिरफ्तार किया गया है।

# मुख्यमंत्री मितान योजना: मितानों ने घर के पते पर पहुंचाए 27 हजार से अधिक दस्तावेज

**रायपुर (आरएनएस)।** नगरीय क्षेत्र में आम नागरिकों को अब घर बैठे ही महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री मितान योजना में 27 हजार से अधिक लोगों को उनके पते पर शासकीय दस्तावेज उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इस नई सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत हो रही है साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिल रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नागरिकों को सरकारी दस्तावेज बनवाने हेतु घर पहुँच सेवा 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत 01 मई 2022 से प्रदेश के समस्त 14 नगर निगमों में प्रारंभ की गई थी। इस योजना



में लोगों को 15 प्रकार की सेवाएं दी जा रही है। इनमें मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, (भूमि उपयोग) मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना में अब तक लगभग 65000 से अधिक नागरिकों ने दस्तावेज संबंधी जानकारी टोल फ्री नम्बर 14545 पर ली है। योजना के तहत घर बैठे दस्तावेज प्राप्त करने के लिए करीब 36000 अप्वाइंटमेंट अब तक बुक किए जा चुके हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# छत्तीसगढ़ सरकार की हाट बाजार क्लिनिक योजना को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सराहा

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाट बाजार क्लिनिक योजना पर डब्ल्यूएचओ द्वारा तैयार कराई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज की
- डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि ने कहा - योजना का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है, यह नवाचार देश के अन्य किसी राज्य में नहीं

**रायपुर (आरएनएस)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने छत्तीसगढ़ की हाट बाजार क्लीनिक योजना की सराहना की है। डब्ल्यूएचओ ने वनांचल और दूरस्थ अंचल के गांवों में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में कारगर छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार कराई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह फिल्म रिलीज की। यह फिल्म विश्व स्वास्थ्य संगठन के जिनेवा स्थित मुख्यालय में दिखाई जाएगी।

इस मौके पर उपस्थित डब्ल्यूएचओ की प्रतिनिधि डॉ. हिल्डे डी. ग्रीव ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यह नवाचार देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए डब्ल्यूएचओ ने इस डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का निर्माण कराया है, जिससे इस योजना का प्रचार प्रसार अन्य राज्य ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने संवेदनशीलता के साथ दूरस्थ अंचल के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इस योजना के माध्यम से सराहनीय पहल की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि हाट बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से अब तक 62 लाख 47 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को छत्तीसगढ़ शासन की इस योजना पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ आज वनांचल क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति को भी मिल रहा है। जो लोग अस्पताल से दूरी होने की वजह से अपना इलाज नहीं करा पाते थे, वे आज अपने घर के समीप इस योजना के माध्यम से इलाज करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोग हाट-बाजार में अवश्य जाते हैं। यहां चिकित्सा दल और डॉक्टरों की मौजूदगी, नि:शुल्क जांच और दवाईयों की सुविधाएं उपलब्ध होने से लोग अपने स्वास्थ्य की जांच और इलाज कराने लगे हैं। लोगों का स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है। हाट-बाजार क्लिनिक योजना का मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान और मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की सफलता में प्रभावी भूमिका रही है। इस योजना के संचालन से बस्तर में डायरिया के प्रकरण काफी कम हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 429 मेडिकल मोबाइल वाहनों की मदद से प्रदेश में 1798 हाट-बाजार क्लिनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 28 हजार से अधिक हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से पिछले 4 वर्षों में 62 लाख 47 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हुई है। हाट-बाजार क्लीनिक योजना में 10 प्रकार की जांच और 60 प्रकार की दवाइयां नि:शुल्क दी जा रही हैं।